भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4068**

दिनांक 19.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

## पेयजल एवं स्वच्छता सुविधाएं

**4068. श्री बलवंत बसवंत वानखडेः**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार ने मार्च, 2025 के अंत तक देश के सभी स्कूलों में पेयजल और स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में प्राप्त लक्ष्यों की संख्या क्या है और यदि नहीं, तो इसके राज्य-वार क्या कारण हैं;
(ग) पेयजल और स्वच्छता सुविधा के अभाव वाले स्कूलों की राज्य-वार संख्या कितनी है;
(घ) क्या सरकार के पास इस संबंध में नया लक्ष्य निर्धारित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ङ) क्या केंद्र सरकार को वर्ष 2024-25 के दौरान इस संबंध में राज्यों से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(च) राज्य-वार कितने प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है और उक्त प्रयोजन के लिए कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क) से (घ) भारत सरकार अगस्त 2019 से राज्यों की भागीदारी में देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कार्यशील नल जल कनेक्शन अर्थात् 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन (एलपीसीडी) के सेवा स्तर पर, निर्धारित गुणवत्ता (बीआईएस:10500) के माध्यम से नियमित और दीर्घकालिक आधार पर पीने योग्य पेयजल का प्रावधान करने के लिए जल जीवन मिशन (जेजेएम) - हर घर जल को क्रियान्वित कर रही है।

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में छात्रों के लिए पेयजल और स्वच्छता सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचे और मूलभूत सुविधाओं

के निर्माण में सहायता करने के लिए एक केंद्रीय प्रायोजित कार्यक्रम, समग्र शिक्षा योजना क्रियान्वित किया जाता है।

शिक्षा मंत्रालय ने सूचित किया है कि राज्य/संघ राज्य क्षेत्र उनकी आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के आधार पर, हर वर्ष की शुरुआत में, शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार अपनी वार्षिक कार्य योजना और बजट (एडब्ल्यूपीएण्डबी) तैयार करते हैं। इन योजनाओं का मूल्यांकन/अनुमोदन परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) द्वारा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के परामर्श से योजना के कार्यक्रम संबंधी और वित्तीय मानदंडों तथा बजटीय संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार किया जाता है। पेयजल और शौचालय सुविधाओं वाले और बिना पेयजल और शौचालय सुविधाओं वाले स्कूलों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ङ) और (च) उल्लिखित अनुसार, राज्य अपने प्रस्ताव तैयार करते हैं और शिक्षा मंत्रालय में पीएबी के विचारार्थ प्रस्तुत करते हैं। शिक्षा मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 2024-25 के दौरान स्वीकृत पेयजल और स्वच्छता सुविधाओं का वित्तीय विवरण के साथ राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

*****

**दिनांक 19.12.2024 को उत्तर हेतु नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4068 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

पेयजल और शौचालय की सुविधाओं वाले और बिना पेयजल और शौचालय सुविधा वाले सरकारी स्कूल

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | कुल सरकारी स्कूल | पेयजल | | शौचालय | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सहित | रहित | सहित | रहित |
| 1. | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 342 | 342 | - | 342 | - |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 45,137 | 45,107 | 30 | 44,318 | 819 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 2,985 | 2,353 | 632 | 2,891 | 94 |
| 4. | असम | 45,490 | 44,266 | 1,224 | 44,864 | 626 |
| 5. | बिहार | 75,558 | 75,355 | 203 | 75,299 | 259 |
| 6. | चंडीगढ़ | 123 | 123 | - | 123 | - |
| 7. | छत्तीसगढ़ | 48,743 | 48,731 | 12 | 48,523 | 220 |
| 8. | दादरा नगर हवेली और दमण एवं दीव | 388 | 388 | - | 388 | - |
| 9. | दिल्ली | 2,762 | 2,762 | - | 2,762 | - |
| 10. | गोवा | 814 | 814 | - | 814 | - |
| 11. | गुजरात | 34,699 | 34,687 | 12 | 34,594 | 105 |
| 12. | हरियाणा | 14,562 | 14,508 | 54 | 14,377 | 185 |
| 13. | हिमाचल प्रदेश | 15,380 | 15,376 | 4 | 15,306 | 74 |
| 14. | जम्मू एवं कश्मीर | 23,173 | 22,439 | 734 | 22,106 | 1,067 |
| 15. | झारखंड | 35,840 | 35,144 | 696 | 35,620 | 220 |
| 16. | कर्नाटक | 49,679 | 49,477 | 202 | 49,375 | 304 |
| 17. | केरल | 5,010 | 4,989 | 21 | 5,003 | 7 |
| 18. | लद्दाख | 838 | 834 | 4 | 833 | 5 |
| 19. | लक्षद्वीप | 38 | 38 | - | 38 | - |
| 20. | मध्य प्रदेश | 92,695 | 91,264 | 1,431 | 92,075 | 620 |
| 21. | महाराष्ट्र | 65,639 | 65,091 | 548 | 64,581 | 1,058 |
| 22. | मणिपुर | 2,889 | 2,865 | 24 | 2,768 | 121 |
| 23. | मेघालय | 7,783 | 3,908 | 3,875 | 7,317 | 466 |
| 24. | मिजोरम | 2,563 | 2,296 | 267 | 2,482 | 81 |
| 25. | नागालैंड | 1,960 | 1,178 | 782 | 1,809 | 151 |
| 26. | ओडिशा | 49,072 | 48,520 | 552 | 48,476 | 596 |
| 27. | पुदुचेरी | 422 | 422 | - | 422 | - |
| 28. | पंजाब | 19,259 | 19,257 | 2 | 19,229 | 30 |
| 29. | राजस्थान | 68,948 | 66,957 | 1,991 | 67,731 | 1,217 |
| 30. | सिक्किम | 864 | 858 | 6 | 864 | - |
| 31. | तमिलनाडु | 37,636 | 37,636 | - | 37,636 | - |
| 32. | तेलंगाना | 30,023 | 28,164 | 1,859 | 27,899 | 2,124 |
| 33. | त्रिपुरा | 4,262 | 3,523 | 739 | 4,125 | 137 |
| 34. | उत्तर प्रदेश | 1,37,024 | 135,867 | 1,157 | 1,35,887 | 1,137 |
| 35. | उत्तराखंड | 16,484 | 15,858 | 626 | 16,225 | 259 |
| 36. | पश्चिम बंगाल | 83,302 | 83,000 | 302 | 83,284 | 18 |
| | **भारत** | **10,22,386** | **10,04,397** | **17,989** | **10,10,386** | **12,000** |

स्रोत: यूडीआईएसई+ 2021-22

**अनुबंध-II**

**दिनांक 19.12.2024 को उत्तर हेतु नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4068 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

वर्ष 2024-2025 के दौरान अनुमोदित पेयजल और स्वच्छता सुविधाएं (प्राथमिक + माध्यमिक + वरिष्ठ माध्यमिक)

**वित्त लाखों में**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | पेयजल | | लड़कों के शौचालय | | लड़कियों के शौचालय | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत | वित्तीय स्वीकृत | स्वीकृत | वित्तीय स्वीकृत | स्वीकृत | वित्तीय स्वीकृत |
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0.00 | 58 | 232.00 | 83 | 332.00 |
| 2 | असम | 1,103 | 1103.00 | 687 | 2061.00 | 608 | 1933.44 |
| 3 | बिहार | 282 | 282.00 | 2,754 | 6548.43 | 3,174 | 7985.32 |
| 4 | छत्तीसगढ़ | 30 | 45.00 | 311 | 562.91 | 142 | 257.02 |
| 5 | गुजरात | 0 | 0.00 | 252 | 667.80 | 217 | 703.08 |
| 6 | हिमाचल प्रदेश | 0 | 0.00 | 28 | 42.00 | 16 | 24.00 |
| 7 | जम्मू एवं कश्मीर | 0 | 0.00 | 220 | 598.20 | 159 | 278.96 |
| 8 | झारखंड | 158 | 132.33 | 208 | 601.32 | 127 | 379.73 |
| 9 | कर्नाटक | 3 | 6.30 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 10 | केरल | 9 | 4.05 | 143 | 286.00 | 177 | 389.40 |
| 11 | लद्दाख | 6 | 10.65 | 18 | 47.51 | 18 | 37.98 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 55 | 137.50 | 809 | 2328.32 | 876 | 2635.16 |
| 13 | महाराष्ट्र | 0 | 0.00 | 650 | 3575.00 | 366 | 2013.00 |
| 14 | मणिपुर | 108 | 432.00 | 75 | 375.00 | 89 | 445.00 |
| 15 | ओडिशा | 10 | 10.00 | 1,489 | 7281.21 | 724 | 3540.36 |
| 16 | पंजाब | 0 | 0.00 | 163 | 270.58 | 186 | 295.74 |
| 17 | राजस्थान | 524 | 2944.88 | 68 | 252.96 | 357 | 1328.04 |
| 18 | सिक्किम | 2 | 5.20 | 44 | 143.50 | 46 | 154.94 |
| 19 | तमिलनाडु | 0 | 0.00 | 692 | 2768.00 | 846 | 3553.20 |
| 20 | त्रिपुरा | 0 | 0.00 | 18 | 90.00 | 25 | 125.00 |
| 21 | उत्तर प्रदेश | 82 | 134.85 | 97 | 248.50 | 6 | 18.60 |
| 22 | उत्तराखंड | 0 | 0.00 | 28 | 131.60 | 126 | 386.20 |
| 23 | पश्चिम बंगाल | 0 | 0.00 | 99 | 256.41 | 0 | 0.00 |
| **कुल** | | **2,372** | **52,47.76** | **8,911** | **293,68.25** | **8,368** | **268,16.17** |

स्रोत: प्रबंध पोर्टल, शिक्षा मंत्रालय